## कार्यालयः— प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर (म०प्र०)

**Telephone No. 07792-299180, E-Mail- dcourtnar-mp@nic.in**

**//ज्ञापन//**

क्रमांक—1107/दो—11—2/23 नरसिंहपुर, दिनांक—24.04.2025

**प्रति,**

पीठासीन अधिकारी/प्रभारी अधिकारी,
जिला मुख्यालय नरसिंहपुर एवं
तहसील गाडरवारा, तेंदूखेड़ा, गोटेगांव (म.प्र.)

**विषयः—** तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करने के संबंध में।

**संदर्भः—** माननीय उच्च न्यायालय का पृष्ठांकन कमांक सी/2529/एक—7—3/2024 (भाग—1), जबलपुर दिनांक 24.03.2025 एवं ज्ञापन कमांक सी/2451/तीन—18—28/57 (दो) दिनांक 17.05.2019

——000——

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भ में आदेशानुसार लेख है कि आप अपने अधीनस्थ न्यायालय/अनुभागों में पदस्थ **संविदा आधार पर कार्यरत् कर्मचारियों एवं प्रोबेशनर/परिवीक्षाधीन (ऐसे कर्मचारी जिनकी न्यूनतम 02 वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं हुई है) को छोड़कर,** समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से **दिनांक—10.05.2025** तक आवश्यक रूप से ग्रीष्मकालीन अवकाश के आवेदन पत्र ई—मेल या डाक के माध्यम से पीठासीन अधिकारी/प्रभारी अधिकारी से अग्रेषित कराकर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि इस तथ्य का ध्यान रखें कि प्रत्येक न्यायालय/अनुभाग का कार्य प्रभावित न हो, पर्याप्त कर्मचारी कार्य करने हेतु उपस्थित रहें तथा इस तथ्य का भी ध्यान रखें कि कोई भी कर्मचारी ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे।

24/04/25

**हेतु—प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**नरसिंहपुर, (म.प्र.)**